विनियम क्रमांक - 14

1. लाल बल्देव सिंह स्वर्ण पदक
2. कर्नल बलवन्त सिंह स्वर्ण पदक
3. गणेश प्रताप सिंह पुरस्कार
4. लक्ष्मी पुरस्कार
5. चन्द्रिका पुरस्कार
6. साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

दानदाता- श्रीमती विष्णु कुमारी पत्नी स्व0 कर्नल लाल बलवन्त सिंह, प्रमोदाश्रम ;किलाद्ध, उपरहटी रीवा।

दानराशि- रूपये 1,20,000/-

1. यह इन्डाउमेण्ट लाल बल्देव सिंह स्वर्ण पदक कहलायेगा और स्वर्ण पदक के एक ओर यह अंकित होगा। यह स्वर्ण पदक एम.ए. पफाईनल, हिन्दी में सर्वप्रथम आने वाले छात्र को प्रति वर्ष दिया जायेगा।

2. यह दान ;इनडाउमेण्टद्ध कर्नल बलवन्त सिंह स्वर्ण पदक कहलायेगा और स्वर्ण पदक के एक ओर यह अंकित रहेगा ;एम0ए0 फाइनलद्ध भूगोल परीक्षा में सर्वप्रथम आने वाले छात्र को प्रति वर्ष दिया जायेगा।

3. गणेश प्रताप सिंह पुरस्कार- प्रति वर्ष 201/- नकद या किसी अन्य रूपमें आलराउण्डर एथलीट ;सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीद्ध को प्रशस्ति पत्र के साथ दिया जायेगा।

4. लक्ष्मी पुरस्कार - यह पुरस्कार 201/- नकद या किसी अन्य रूपमें एम0ए0 के सभी विषयों में सर्वाधिक अंकित करने वाली छात्रा को प्रशस्ति पत्र के साथ दिया जाय।

5. चन्द्रिका पुरस्कार- यह पुरस्कार रूपये 201/- नकद या किसी अन्य रूपमें बी0ए0 परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को प्रदान किया जायेगा।

टिप्पणी- उपर्युक्त क्रमांक 1 से 5 तक के स्वर्ण पदक एवं पुरस्कार पृथक पृथक के लिये 2 या 2 से अधिक छात्रों व्दारा पात्रता रखने पर कनिष्ठतर या कनिष्ठतम् को प्रदान किया जायेगा ।

6. साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन -

1- इस दान से प्रति वर्ष बसंत पंचमी के दिन दान दात्री के स्वसुर स्व0 लाल बल्देव सिंह के जन्म दिवस पर बाल समिति उपरहटी, रीवा में कवि सम्मेलन, साहित्यिक गोष्ठी, शिवपूजन कार्यक्रमों को आयोजित कर मनाया जायेगा।

2- इस दान से प्रति वर्ष फाल्गुन शुक्ल 3 को दान दात्री के पति स्व0 कर्नल बलवन्त सिंह के जन्म दिवस पर प्रति वर्ष उनके प्रिय विषय बिहन्दी साहित्य, योग, ज्योतिष तन्त्र, भूगोल, रामचरित मानस, गीता आदि विषयों में से किसी एक पर गोष्ठी या वार्ता का आयोजन विश्वविद्यालय, बाल समिति या छतुरी पर आयोजित किया जायेगा।

टिप्पणी- यह आयोजन दान राशि के मूलधन के ब्याज से किया जायेगा। यदि ब्याज से इन आयोजनों के पश्चात् प्रति वर्ष कोई राशि शेष बचती है तो निर्धन विद्यार्थियों के सहायतार्थ व्यय की जायेगी।